Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 11

व्यवसाय अध्ययन

व्यवसाय के आधार - 1

अध्याय-6 : व्यवसाय का सामाजिक उत्तरदायित्व एवं व्यावसायिक नैतिकता

भाग -

अभ्यास प्रश्न - I

रूचिका सैनी

अभ्यास प्रश्न



लघु उत्तरीय प्रश्न

1. व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्व से क्या तात्पर्य है? यह कानूनी उत्तरदायित्व से किस प्रकार भिन्न है?

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



लघु उत्तरीय प्रश्न

1. व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्व से क्या तात्पर्य है? यह कानूनी उत्तरदायित्व से किस प्रकार भिन्न है?

उत्तर : व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्व से तात्पर्य उन कार्यों से है जो समाज के हित में हों और जिनसे समाज को लाभ हो। यह कानूनी उत्तरदायित्व से इस प्रकार भिन्न है कि कानूनी उत्तरदायित्व केवल विधिक नियमों का पालन करना होता है, जबकि सामाजिक उत्तरदायित्व विधिक नियमों से परे जाकर समाज के प्रति स्वैच्छिक रूप से उत्तरदायी होना है।



2. वातावरण क्या है? वातावरण-प्रदूषण क्या है?



प्राकृतिक संसाधन
(जल, भूमि, वायु)
+
भौतिक संसाधन



2. वातावरण क्या है? वातावरण-प्रदूषण क्या है?

उत्तर : वातावरण में प्राकृतिक संसाधन (जल, वायु, मिट्टी, वनस्पति आदि) तथा मानव-निर्मित संसाधन (सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक-आर्थिक संस्थाएं आदि) सम्मिलित होते हैं।

वातावरण-प्रदूषण वह स्थिति है जिसमें ये प्राकृतिक एवं मानव संसाधन दूषित हो जाते हैं। जैसे – वायु, जल, ध्वनि एवं भूमि प्रदूषण।



3. व्यावसायिक नैतिकता क्या है? व्यावसायिक नैतिकता के आधारभूत तत्वों को बताइए।



मानव व्यवहार आदर्श

→ परंपरा

→ पर्यावरण

→ जीवों का संरक्षण



3. व्यावसायिक नैतिकता क्या है? व्यावसायिक नैतिकता के आधारभूत तत्वों को बताइए।

उत्तर : व्यावसायिक नैतिकता से तात्पर्य उन सिद्धांतों और मूल्यों से है जो व्यवसायों को सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

इसके आधारभूत तत्व हैं — सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, उपभोक्ता हित, पर्यावरण की सुरक्षा, श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान, एवं समाज कल्याण की भावना।



4. संक्षेप में समझाइए-

(क) वायु प्रदूषण





4. संक्षेप में समझाइए-

(क) वायु प्रदूषण

उत्तर : वायु प्रदूषण तब होता है जब वातावरण में हानिकारक गैसें (कार्बन मोनोऑक्साइड) मिलती हैं। जो फैक्ट्रियों और वाहनों से निकलती हैं।



4. संक्षेप में समझाइए-

(ख) जल प्रदूषण





4. संक्षेप में समझाइए-

(ख) जल प्रदूषण

उत्तर : जल प्रदूषण नदियों, झीलों या अन्य जल स्रोतों में रसायनों, कचरे, या अशुद्ध जल के मिलने से होता है।



4. संक्षेप में समझाइए-

(ग) भूमि प्रदूषण







4. संक्षेप में समझाइए-

(ग) भूमि प्रदूषण

उत्तर : भूमि प्रदूषण कचरे को ज़मीन में दबाने या खुले में फेंकने के कारण होता है, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता घटती है।



5. व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्व के मुख्य क्षेत्र क्या हैं?



(1) शेयरधारकों
(2) कर्मचारी
(3) उपभोक्ताओं
(4) समाज
(5) पर्यावरण



5. व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्व के मुख्य क्षेत्र क्या हैं?

उत्तर : मुख्य क्षेत्र हैं –

- निवेशकों/शेयरधारकों के प्रति उत्तरदायित्व
- कर्मचारियों के प्रति उत्तरदायित्व
- उपभोक्ताओं के प्रति उत्तरदायित्व
- सरकार एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व
- पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व



6. कंपनी अधिनियम-2013 के अनुसार निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व को परिभाषित करें।





6. कंपनी अधिनियम-2013 के अनुसार निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व को परिभाषित करें।

उत्तर : कंपनी अधिनियम-2013 के अनुसार, जिन कंपनियों का नेट वर्थ ₹500 करोड़ या टर्नओवर ₹1000 करोड़ या शुद्ध लाभ ₹5 करोड़ या उससे अधिक हो, उन्हें CSR समिति बनानी होती है और पिछले तीन वर्षों का औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2% सामाजिक उत्तरदायित्व पर व्यय करना होता है।